वनरक्षक भर्ती परीक्षा में बैठने वाला डमी और मूल अभ्यर्थी एसओजी के हत्थे चढ़े

आरोपी डमी अभ्यर्थी ने फर्जी फोटो व हस्ताक्षर से दी थी परीक्षा, 5 लाख रु. में किया था सौदा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2020 में फर्जीवाड़े के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मूल अभ्यर्थी भारत मीणा (28) निवासी भुसावर जिला भरतपुर और उसकी जगह परीक्षा देने वाले डमी अभ्यर्थी दिनेश कुमार बिश्नोई (29) निवासी सांचौर जिला जालौर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आया कि भर्ती में नौकरी हासिल करने के लिए पांच लाख रुपए में सौदा तय हुआ था।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल के अनुसार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित

भारत मीणा व दिनेश कुमार बिश्नोई

वनरक्षक भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े के संबंध में थाना एसओजी, जयपुर में 26 सितंबर 2025 को मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के दौरान सामने आया कि भरतपुर जिले के भुसावर क्षेत्र निवासी भारत मीणा ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था। लेकिन उसकी जगह जालोर

- **एसओजी की जांच में सामने आया कि डमी दिनेश विश्नोई ने परीक्षा केंद्र में दाखिल होने के लिए मूल अभ्यर्थी भारत मीणा के प्रवेश पत्र और उपस्थिति पत्रक पर अपना फोटो लगाया था**

जिले के सांचौर क्षेत्र निवासी दिनेश कुमार विश्नोई ने परीक्षा दी।

एसओजी की जांच के अनुसार भारत मीणा ने वनरक्षक भर्ती में नौकरी हासिल करने के लिए भरतपुर जिले के ठेकड़ा निवासी डालूराम मीणा से संपर्क किया था। इसके लिए पांच लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। आरोप है कि इसी सौदे के तहत डालूराम मीणा के माध्यम से दिनेश कुमार विश्नोई ने भारत मीणा के स्थान पर परीक्षा दी।

जांच में सामने आया कि डमी अभ्यर्थी ने परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए भारत मीणा के प्रवेश पत्र और उपस्थिति पत्रक पर अपना फोटो लगाया। इसके साथ ही भारत मीणा के फर्जी हस्ताक्षर कर उसके स्थान पर परीक्षा दी। एसओजी अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य तथ्यों और इसमें शामिल लोगों के संबंध में जांच कर रही है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं बढ़ाएं : मुख्य सचिव

'98.5 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालयों से जुड़े, 1000 कार्यकर्ताओं का चैंपियन के रूप में चयन हुआ'

जयपुर । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने शाला पूर्व देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कुपोषण में कमी लाने और आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभाग की शासन सचिव पूनम, समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) के निदेशक वासुदेव मालावत, वित्तीय सलाहकार मनोज शांडिल्य सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) आधारित आधारशिला पाठ्यक्रम को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इस पाठ्यक्रम के तहत खेल, गतिविधियों और अन्वेषण आधारित शिक्षण से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। विभाग की उपलब्धियों के अनुसार, प्रदेश के 61,483 यानी 98.5 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों को विद्यालयों के साथ जोड़कर मैप किया जा चुका है। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली 1,000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चैंपियन के रूप में चुना गया है। इनके लिए 90 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। ये कार्यकर्ता अपनी ग्राम पंचायत के तीन से चार आंगनबाड़ी केंद्रों को मार्गदर्शन देंगी। प्रवेशोत्सव के तहत पांच से छह वर्ष आयु वर्ग के 2.47 लाख से अधिक बच्चों ने नजदीकी विद्यालयों का भ्रमण किया, जिससे विद्यालयों में नामांकन को प्रोत्साहन मिला। अभिभावक बैठकों के माध्यम से उनकी सहभागिता भी बढ़ाई जा रही है। वहीं, पोषण ट्रैकर के जरिए महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति की नियमित निगरानी की जा रही है। मुख्य सचिव ने बाल स्वास्थ्य एवं पोषण के मानकों में पीछे रहने वाले जिलों पर विशेष ध्यान देने, नियमित क्षेत्रीय भ्रमण और औचक निरीक्षण करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दक्षता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बेहतर पोषण सेवाओं से बच्चों का स्वस्थ एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक में शासन सचिव पूनम ने मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास का स्वागत किया।

जेएजीएस-2026 में एक दिन में पहुंचे 5000 से अधिक आगंतुक

जयपुर । राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में जयपुर एसोसिएशन जेमस्टोन शो (जेएजीएस-2026) के 30वें संस्करण का आयोजन किया गया। महापौर सुनील कोठारी ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर शो का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सुरभी गुप्ता थीं। इस अवसर पर शो की स्मारिका का विमोचन किया गया और सहयोगियों का सम्मान किया गया।

महापौर सुनील कोठारी ने कहा कि जयपुर के पूर्वज जौहरियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से शहर को विश्व पटल पर रत्न नगरी के रूप में पहचान दिलाई। हालांकि, वर्तमान में बैंकॉक और हांगकांग जैसे शहर आगे निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह दुबई की पहचान गोल्ड सिटी के रूप में है, उसी तरह जयपुर को जेमस्टोन सिटी के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। जयपुर के 300वें स्थापना दिवस के लिए उन्होंने म्हारो जयपुर-प्यारो जयपुर-न्यारो जयपुर का नारा भी दिया। महापौर सुनील कोठारी ने कहा कि राजू मंगोड़ीवाला के व्यक्तित्व और प्रतिभा का लाभ जयपुर के आभूषण कारोबारियों के साथ पूरे शहर को मिल रहा है।

जयपुर ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने कहा कि जेएजीएस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हो रहा है। इसके माध्यम से जयपुर के कारीगरों द्वारा तराशे गए रंगीन रत्नों को दुनिया भर के खरीदारों तक पहुंचाया जाता है और रत्न व्यापारियों व विनिर्माताओं के बीच दीर्घकालीन व्यावसायिक संबंध बनते हैं। उन्होंने बताया कि जेएएस-2026 में दुबई और शारजाह के रत्न एवं आभूषण कारोबारी

महापौर सुनील कोठारी ने सोमवार को जयपुर एसोसिएशन जेमस्टोन शो के 30वें संस्करण का उद्घाटन किया।

संगठनों के साथ जयपुर के व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने की पहल की गई। इस बार शो में 210 बूथ लगाए गए। आयोजन के पहले दिन ही 5 हजार से अधिक आगंतुक पहुंचे। औपचारिक उद्घाटन से पहले ही खरीदारों का आना शुरू हो गया था और रात 9 बजे तक प्रदर्शनी में व्यापारिक खरीदारों की आवाजाही बनी रही। विशिष्ट अतिथि सुरभी गुप्ता ने कहा कि असली रंगीन रत्न जयपुर की प्रमुख पहचान हैं। जयपुर के जौहरियों ने अपनी ईमानदारी और व्यवहार से दुनिया भर में विश्वसनीयता कायम की है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष की सफलता में असली रत्नों की अहम भूमिका है और दोनों की विश्वसनीयता एक-दूसरे पर निर्भर करती है।

जयपुर ज्वेलर्स एसोसिएशन के महासचिव अजय गोधा ने कहा कि जेएजीएस में विनिर्माताओं और रत्न व्यापारियों के बीच सीधा संवाद होता है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शो की पहचान बढ़ रही है। शो के संयोजक प्रकाश बैद ने कहा कि इसका उद्देश्य जयपुर के रत्न एवं आभूषण कारोबार को उन्नित और प्रगति के अवसर उपलब्ध कराना है।

'प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता, किसान चिंतित ना हो'

जयपुर। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल ने कहा कि रबी सीजन में प्रदेश के किसानों को खाद की उपलब्धता को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार मांग के अनुसार जिलों में उर्वरकों की आपूर्ति कर रही है। उन्होंने किसानों से अफवाहों में आकर जरूरत से ज्यादा खाद खरीदने और भंडारण नहीं करने की अपील की। मंत्री ने बताया कि 25 अक्टूबर 2026 तक अक्टूबर माह की 4.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया की मांग के मुकाबले 6.32 लाख मीट्रिक टन उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वहीं, डीएपी की दो लाख मीट्रिक टन मांग के मुकाबले 2.23 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 3.93 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 92 हजार मीट्रिक टन डीएपी, 92 हजार मीट्रिक टन एनपीके और 1.72 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का स्टॉक उपलब्ध है।

डॉ. किरोड़ीलाल ने बताया कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और यूरिया के अवैध इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए अब तक 13,445 उर्वरक विक्रय परिसरों का निरीक्षण किया गया है। अनियमितताओं पर 133 उर्वरक लाइसेंस निलंबित या निरस्त किए गए हैं। 30 मामलों में एफआईआर दर्ज हुई और 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यूरिया के अवैध इस्तेमाल के मामलों में 1,351 बैग जब्त किए गए, जबकि गुणवत्ता नियंत्रण कार्रवाई के तहत विभिन्न उर्वरकों के 12,325 बैग जब्त किए जा चुके हैं।

जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में विकास तेज, रेलवे साइडिंग को मंजूरी

जयपुर (कासं)। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा परियोजना के तहत विकसित हो रहे जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में विकास कार्य तेज हो गए हैं। राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (रिडको) की ओर से पाली जिले के रोहट में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप विकसित की जा रही है। यहां मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने रोहट स्टेशन से रेलवे साइडिंग बिछाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। इससे रेल के जरिए माल परिवहन का रास्ता खुलेगा।

- **पाली जिले के रोहट में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप विकसित होगी, 400 करोड़ की लागत से जल-विद्युत लाइनें बिछेंगी**
- **इस टाउनशिप में 30 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन शुरू; 31 अक्टूबर तक आवेदन होंगे**

गैस सुविधा और औद्योगिक पार्क बनेंगे

रिडको के निदेशक मंडल ने फेज-1 के उत्तरी भाग में करीब 4000 वर्गमीटर भूमि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड को गैस टर्मिनल और सीएनजी स्टेशन स्थापित करने के लिए आवंटित करने की मंजूरी दी है। फेज-1 की संशोधित लेआउट योजना में कपड़ा, औषधि, अपशिष्ट पुनर्चक्रण, कृषि प्रसंस्करण और सामान्य उद्योगों के लिए अलग-अलग पार्क प्रस्तावित हैं। औद्योगिक क्षेत्र में प्रत्यक्ष आवंटन के तहत 4,000 रुपए प्रति वर्गमीटर की आधार दर पर 30 भूखंड उपलब्ध कराए गए हैं।

इनमें 28 औद्योगिक उपयोग और दो मोटल-रेस्टोरेंट के लिए हैं। आवेदन 31 अक्टूबर 2026 को शाम 5 बजे तक किए जा सकेंगे। कई देशी-विदेशी कंपनियों ने भी यहां औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने में रुचि दिखाई है।

टाउनशिप में निर्बाध जल और बिजली आपूर्ति के लिए करीब 400 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से समर्पित लाइनें बिछाई जा रही हैं। इसमें परियोजना स्थल तक 220 केवी की दोहरी विद्युत लाइन शामिल है। टाउनशिप में प्रवेश के लिए वाहन अंडरपास भी चालू कर दिया गया है।

डीजीपी ने थपथपाई पुलिसकर्मियों की पीठ

पांच उत्कृष्ट कार्रवाइयां अक्टूबर माह के ''बेस्ट पुलिस वर्क'' में शामिल

जयपुर। राजस्थान पुलिस के पांच उत्कृष्ट कार्यों को अक्टूबर के दूसरे सप्ताह के 'बेस्ट पुलिस वर्क ऑफ द वीक' में शामिल किया गया है। इनमें 33 हजार वोल्ट के बिजली के पोल पर फंसे युवक की जान बचाने, बैंक ऋण घोटाले के दो इनामी आरोपियों को पकड़ने, ज्वैलर्स डकैती के आरोपी की गिरफ्तारी, करीब 50 लाख रुपए के अवैध पटाखे जब्त करने और कलश यात्रा में जेवर चोरी करने वाली 28 महिलाओं को गिरफ्तार करने की कार्रवाई शामिल है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने संबंधित पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की सराहना की।

कांस्टेबल ने बचाई युवक की जान

खोराबीसल थाने के कांस्टेबल चालक सुनील कुमार ने 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन पोल पर करंट की चपेट में आकर लटके मोतीलाल ठाकुर (50) को साहस दिखाते हुए सुरक्षित नीचे उतारा। मध्यप्रदेश के सागर जिले के निवासी मोतीलाल बावड़ी पहाड़ी की तलहटी स्थित कच्ची बस्ती में रह रहे थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

फर्जी ऋण मामले में दो इनामी गिरफ्तार

माणकचौक थाना क्षेत्र के राजलक्ष्मी महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक में फर्जी पट्टों और दस्तावेजों से 13 ऋण खाते खोलकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 10-10 हजार रुपए के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में बैंक की पूर्व अध्यक्ष, अधिकारियों, ऋणियों और अधिवक्ताओं सहित 59 आरोपी नामजद हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश और राशि की बरामदगी में जुटी है।

डकैती का 25 हजार का इनामी पकड़ा

नेछवा थाना क्षेत्र के गनेड़ी में ज्वैलर्स से डकैती के मामले में वांछित रामेश्वर लाल सोनी उर्फ रमेश को पुलिस ने 10 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया। आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम था और वह जिला स्तर के शीर्ष 10 अपराधियों में शामिल था। वह करीब आठ महीने से फरार था।

50 लाख के अवैध पटाखे जब्त

जिला विशेष टीम और निवाई थाना पुलिस ने 12 अक्टूबर को आदित्य प्लाजा स्थित दुकानों पर कार्रवाई कर बिना लाइसेंस रखे 400 से अधिक कार्टन पटाखे जब्त किए। इनकी कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी तुलसी राम चंदानी को गिरफ्तार कर विस्फोटक अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया।

28 महिला टप्पेबाज गिरफ्तार

कुचामन सिटी में 12 अक्टूबर को शिव मंदिर से उगरपुरा तक निकली भागवत कथा की कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के सोने-चांदी के जेवर चोरी होने की घटनाओं पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह की 28 महिलाओं को गिरफ्तार किया, जिनमें वारदात को सीधे अंजाम देने वाली चार महिलाएं भी शामिल हैं। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों का साहस, संवेदनशीलता और सूझबूझ आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करती है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को प्रोत्साहित करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

श्रीलंका उच्चायोग के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए देवनानी

जयपुर । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को नई दिल्ली स्थित श्रीलंका के उच्चायोग में आयोजित 'दिवाली डैज़ल नाइट-2026' समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न देशों के राजदूतों और विशिष्ट अतिथियों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल (इंडिया) तथा लायंस क्लब दिल्ली वेग की ओर से आयोजित समारोह में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, राजस्थान सरकार के प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार और राजस्थानी अकादमी के अध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। देवनानी ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े मर्यादा, कर्तव्य, त्याग और आदर्शों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रामायण जीवन को सही दिशा देने वाला शाश्वत संदेश है। भगवान श्रीराम का मर्यादित आचरण, माता सीता का धैर्य, लक्ष्मण का भ्रातृप्रेम और भरत का सत्ता के प्रति अनासक्ति का भाव आज भी समाज को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि रावण के अहंकार का अंत अन्याय और अधर्म के निश्चित अंत का संदेश देता है। दीपावली अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।

गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय एकता दिवस परेड राजस्थान के सभी पुलिस थानों में दिखेगी

31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में होगा आयोजन

जयपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का राजस्थान के सभी पुलिस थानों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। शाम 5:30 बजे से बड़ी स्क्रीन पर होने वाले प्रसारण में पुलिसकर्मियों के साथ आम नागरिक भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह को संबोधित करेंगे।

इस आयोजन में पुलिसकर्मियों के साथ एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट-गाइड, युवा क्लब, सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्य और पुलिस मित्र भाग लेंगे। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के परिवार, पुलिस प्रशिक्षु और आरएसी बटालियनों के जवान भी समारोह देखेंगे। पहल का उद्देश्य पुलिस के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश की सुरक्षा में जवानों के योगदान से आमजन को परिचित कराना तथा पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद मजबूत करना है।

सोमवार सुबह केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के पुलिस महानिदेशकों को आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

डीजीपी ने कहा कि थाना प्रभारी से लेकर पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी तक के अधिकारी पुलिस थानों में पुलिसकर्मियों और आमंत्रित लोगों के साथ बैठकर परेड का सीधा प्रसारण देखेंगे। सभी जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालयों को आयोजन और जनभागीदारी की रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजनी होगी।

उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य देश के पुलिस बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों की ओर से किए जा रहे असाधारण कार्यों को राष्ट्र के सामने प्रस्तुत करना है।

बैठक में डीजी कानून एवं व्यवस्था संजय अग्रवाल ने जिला पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों को आयोजन के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीजीपी वीके सिंह, रूपिंदर सिंघ, लता मनोज कुमार, प्रफुल्ल कुमार और राघवेंद्र सुहासा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

जयपुर-भरतपुर और कोटा संभाग में बारिश का अलर्ट

जयपुर । राजस्थान में अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। एक ओर रात के तापमान में गिरावट के साथ सर्दी का असर बढ़ने लगा है, वहीं दूसरी ओर दिन में पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में तेज गर्मी बनी हुई है।

मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिन मौसम मुख्य रूप से साफ रहने की संभावना है। इसके बाद 29 अक्टूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके प्रभाव से जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ इलाकों में आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट का दौर जारी है। रविवार रात सीकर जिले के फतेहपुर और माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस मापा गया। वहीं, सिरोही में रात का तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के 15 से अधिक शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे होने से रात और सुबह के समय ठंडक महसूस होने लगी है।

जयपुर से सांतरागाछी के लिए नई ट्रेन शुरू

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयपुर । जयपुर से पश्चिम बंगाल के सांतरागाछी के लिए सोमवार को नई एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की गई। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने खातीपुरा रेलवे स्टेशन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर मेयर सुनील कोठारी सहित रेलवे के कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। झारखंड और पश्चिम बंगाल से भी लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए।

रेलमंत्री ने बताया कि इस ट्रेन की डिमांड पिछले 30-35 सालों से चल रही थी। मुझे 5 साल पहले प्रधानमंत्री ने जब ये दायित्व दिया,

केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव

तो मेरे सामने ये डिमांड आई थी। जयपुर में रिडेवलपमेंट का काफी काम चल रहा था। जयपुर गांधीनगर रेलवे स्टेशन समेत वहां के मुख्य स्टेशन का काम चल रहा था। इसके कारण वहां बहुत कंजेशन था। तब खातीपुरा में नया टर्मिनल बनाने का निर्णय लिया गया। जब यह टर्मिनल बनकर तैयार हुआ तो जयपुर की कैपेसिटी बढ़ी। तब जाकर हमारे लिए नई ट्रेन चला पाना संभव हो पाया। इसलिए यह ट्रेन शुरू की गई है। जैसे-जैसे कैपेसिटी बढ़ेगी, वैसे-वैसे नई ट्रेन शुरू करेंगे।

उन्होंने बताया कि पहले राजस्थान जाने के लिए खड़गपुर तक जाना पड़ता था। अब खड़गपुर, रांची, सांतरागाछी से जयपुर आने के लिए बहुत डिमांड रहती है। इसे हम आराम से शुरू कर सकेंगे। इससे बहुत सारे व्यापारी भाई जो झारखंड-बंगाल आना चाहते हैं, उन्हें सुविधा मिलेगी। इस नई रेल सेवा के शुरू होने से झारखंड और बंगाल के पैसेंजर्स को सुविधा मिलेगी।

खातीपुरा-सांतरागाछी उद्घाटन स्पेशल ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए गए हैं। इनमें 1 फर्स्ट एसी, 2 सेकंड एसी, 4 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनॉमी, 6 स्लीपर और 4 जनरल कोच शामिल हैं। इनके अलावा 1 पेंट्रीकार और 2 पावरकार भी लगाए गए हैं। ट्रेन खातीपुरा से रवाना होकर दौसा, बांदीकुई, मंडावर महुवा रोड, खेड़ली, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूंडला जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, जपला, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, लोहरदगा, रांची, मुरी, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर और खड़गपुर स्टेशन पर रुकेगी।

ई-चालान के फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही खाते से 4.40 लाख रुपए पार

जयपुर (कासं)। खोराबीसल थाना इलाके में ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने वाहन चालान का फर्जी संदेश भेजकर एक व्यक्ति को जाल में फंसाया और उसके बैंक खाते से 4.10 लाख रुपए निकाल लिए। इसके बाद बैंक ऑफ इंडिया के क्रेडिट कार्ड से भी 30 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने थाने में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नांगल जैसा बोहरा निवासी सुनील कुमार टेलर (51) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 21 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर ई-चालान का संदेश आया था। इसमें चालान का भुगतान करने के लिए एक लिंक दिया गया था। चालान की जानकारी लेने और भुगतान प्रक्रिया समझने के लिए उन्होंने लिंक पर क्लिक किया।

- **साइबर ठगों ने पहले पहले बैंक खाते से 4.10 लाख निकाले, फिर क्रेडिट कार्ड से भी 30 हजार रुपए उडाए**

आरोप है कि इसके बाद साइबर ठगों ने उनकी बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर ली। 23 अक्टूबर की शाम उनके बैंक खाते से करीब 4.10 लाख रुपए निकाल लिए गए। कुछ देर बाद क्रेडिट कार्ड से भी 30 हजार रुपए की निकासी हो गई। मोबाइल पर रुपए कटने के संदेश आने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। पीड़ित ने रविवार शाम खोराबीसल थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साइबर ठग ई-चालान, लंबित चालान, वाहन की जानकारी अद्यतन करने और वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) व ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) के सत्यापन के नाम पर फर्जी संदेश, लिंक और ई-मेल भेजकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। इन लिंक के जरिए लोगों को नकली वेबसाइट पर ले जाया जाता है, जहां बैंक संबंधी जानकारी चोरी होने का खतरा रहता है। कुछ मामलों में एपीके फाइल डाउनलोड करवा कर मोबाइल की सुरक्षा से समझौता कराया जाता है।